सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **257**
19/03/2026

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में श्उद्योग वार्ताश संपन्नरू बिहार को औद्योगिक हब बनाने के लिए निवेशकों को मिलेगा हर संभव सरकारी सहयोग

पटना, 19 मार्च 2026 :– बिहार में औद्योगिक निवेश को गति देने और राज्य को उद्योग जगत में एक अग्रणी पहचान दिलाने के उद्देश्य से आज मुख्य सचिव, बिहार, श्री प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में श्उद्योग वार्ताश का सफल आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में कुल 11 प्रमुख निवेशकों ने भाग लिया। मुख्य सचिव ने सभी निवेशकों के व्यावसायिक प्रस्तावों को विस्तार से सुना और बिहार में उद्योग स्थापित करने की दिशा में आ रही जमीनी बाधाओं को दूर करने पर गहन चर्चा की। मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों के प्रधान सचिवों एवं सचिवों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि निवेशकों को हर संभव और त्वरित सहयोग प्रदान किया जाए।

यह बैठक पटना हवाई अड्डे के समीप स्थित वायुयान संगठन निदेशालय में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित की गई। इस वार्ता में उद्योग विभाग के सचिव श्री कुंदन कुमार और गन्ना आयुक्त श्री अनिल कुमार झा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उद्योग वार्ता के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), स्वास्थ्य, सड़क निर्माण और परिवहन सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश और विकास से जुड़े प्रस्ताव आए।

AION Pvt Ltd: कंपनी के निदेशक श्री करण हैरी धौल ने बताया कि उनकी संस्था एआई एनालिटिक्स (AI Analytics) और फोरकास्टिंग के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखती है। उन्होंने बिहार के बिजली विभाग के साथ मिलकर कार्य करने का महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा।

ZydeÛ Industries Pvt Ltd: चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर श्री हिमांशु अग्रवाल ने सड़कों को समय से पहले जर्जर होने (Premature degradation) से बचाने की अपनी उन्नत तकनीक की जानकारी दी। उन्होंने अपनी कार्यप्रणाली को स्पष्ट करने के लिए मुख्य सचिव के समक्ष एक सजीव प्रदर्शन भी प्रस्तुत किया।

Icon Communication: श्री अनुपम श्रीवास्तव ने डाउनस्ट्रीम कम्युनिकेशन (Downstream Communication) मॉडल को अपनाते हुए राज्य में श्जीविकाश (Jeevika) और स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्य करने का प्रस्ताव दिया।

Appycrown: सीईओ श्री ओम प्रकाश ने जानकारी दी कि उनकी कंपनी सेल्सफोर्स कंसल्टिंग Salesforce consulting) और क्लाउड–बेस्ड एप्लिकेशन (Cloud&based app) निर्माण में कार्य करती है और वे तकनीकी सशक्तिकरण के लिए बिहार सरकार के साथ साझेदारी करने के इच्छुक हैं।

इन प्रमुख प्रस्तावों के अतिरिक्त, वार्ता में देश भर के कई अन्य प्रतिष्ठित व्यापारिक घरानों के प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें ज्मदेवत ।दंसलजपबे के सीईओ श्री धीरज सिंह, त्पलं ब्ेे ंदक ज्तपच के संस्थापक श्री अमित आर्य, फनमे ब्वतच स्जक के सीईओ श्री लोहित भाटिया, ैममस ठपवजमबी स्जक के चेयरमैन डॉ. एस. एन. चंदक, ज्ञपअपें ।हतव के सीईओ श्री नीरज कुमार, M/S S L Chemicals & Organics Pvt Ltd के निदेशक श्री ललित अग्रवाल और त्लउमक ळतवनच के एमडी श्री विभाश चंद्र शामिल थे।

बैठक के दौरान कुछ निवेशकों ने यह निवेदन भी किया कि उनकी कंपनियों से संबंधित जो भी तकनीकी या प्रशासनिक समस्याएं आ रही हैं, उनका उद्योग विभाग द्वारा त्वरित गति से निवारण किया जाए। इस पर मुख्य सचिव ने सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया।